

SHRI SUNIL CHHETRI

Shri Sunil Chhetri is the Captain of the Indian National Football team. As a striker par excellence, he made his debut for the national side in 2005 against Pakistan. In a sign of things to come, he scored in his first match and has since gone on to score 67 goals for the country in 107 matches. He is currently the all times leading scorer and the most capped player for the Indian Football Team.

2. Born on August 3, 1984 in Secunderabad to Shri Kharga Bahadur Chhetri and Smt. Sushila Chhetri, Shri Chhetri has had many achievements in his career so far including breaking records, winning accolades and leading his teams to victories. His parents inculcated in him a love of sport from a very early age, with both having been athletes themselves. After attending Army Public School Dhaula Kuan for a few years, Shri Chettri finished his schooling from Mamta Modern in Delhi and joined the World of professional football at only 17 years old.

3. Shri Chhetri's career started with the iconic Kolkata Club Mohan Bagan where he played from 2002-2004. He then represented JCT Phagwara (2005-2007) before joining Mohan Bagan's intracity rivals –East Bengal. In 2009, Shri Chetri moved to Dempo Sports Club Goa, followed by his first International stint- with the Kansas City Wizards in 2010. After his return to India, he went back to Mohan Bagan in 2011. In 2012, Shri Chhetri went abroad for the second time to play for Sporting Clube de Lisbon, a Portuguese Club. In 2013, he had a short spell with the Churchill Brothers FC before moving to his current club-JSW Bengaluru FC. He has also represented the ISL side Mumbai City FC during the 2015 Indian Super League season.

4. Shri Chhetri was the AFC Challenge Cup most valuable player in 2008 and the SAFF Championship player of the tournament in 2011 as well as the Nehru Cup in 2012. Representing Bengaluru FC, he was adjudged the ISL player of the tournament in 2017-18. In 2018, Sunil led India to victory in the Hero Intercontinental Cup, scoring eight goals in four games including a hat trick. He was also adjudged the Man of the Tournament. In the Indian Super League, Shri Chhetri has scored 29 Goals in 54 matches, the most ever by an Indian Player.

5. Shri Chhetri was presented with the Arjuna Award in 2011. He has also won the AIFF player of the year award astonishingly 5 times. The FPAI has chosen him as the Indian player of the year in 2009 and 2018. He was named as an Asian Icon by the Asian Federation Confederation in 2018.

पद्म श्री

श्री सुनिल छेत्री



श्री सुनिल छेत्री भारत की राष्ट्रीय फुटबाल टीम के कप्तान हैं। एक उत्कृष्ट गोल दागने वाले फुटबॉलर के रूप में ख्यातिप्राप्त श्री छेत्री ने वर्ष 2005 में पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की ओर से अपने खेल जीवन की शुरुआत की थी। अपने उज्जवल भविष्य की आहट देते हुए, उन्होंने अपने पहले मैच में ही गोल दाग दिया और देश के लिए अभी तक खेले गए 107 मैचों में उन्होंने 67 गोल अपने नाम किए हैं। वह वर्तमान में अब तक के सबसे अग्रणी गोल करने वाले फुटबॉलर हैं तथा भारतीय फुटबॉल टीम के सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं।

2. आपका जन्म 3 अगस्त, 1984 को सिकंदराबाद में श्री खर्गा बहादुर छेत्री तथा श्रीमती सुशीला छेत्री के घर में हुआ था। आपने अपने खेल जीवन में अभी तक कई उपलब्धियां हासिल की हैं जिनमें कई रिकॉर्ड बनाना, पुरस्कार जीतना तथा अपनी टीम को जीत दिलाना शामिल है। आपके माता-पिता ने बचपन में ही आपको खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया था क्योंकि वे दोनों स्वयं भी खिलाड़ी थे। कुछेक वर्ष आर्मी पब्लिक स्कूल, धौला कुआ में शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् आपने अपनी शिक्षा ममता मॉडर्न स्कूल, नई दिल्ली से पूरी की तथा 17 वर्ष की किशोर आयु में ही व्यावसायिक फुटबाल की दुनिया में कदम रख लिया।

3. श्री छेत्री के कैरियर की शुरुआत कलकत्ता के प्रतिष्ठित क्लब मोहन बागान से हुई जिसमें वह वर्ष 2002-2004 के दौरान खेले। इसके बाद उन्होंने मोहन बागान के प्रतिद्वंदी क्लब ईस्ट बंगाल में शामिल होने से पहले जेसीटी, फगवाड़ा (2005-2007) का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2009 में, आप डेम्पों स्पोर्टस् क्लब, गोवा में चले गए जिसके पश्चात् वर्ष 2010 में कांसास सिटी विजार्ड्स के साथ अपनी प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पारी खेली। इसके बाद भारत वापिस लौटने पर, आपने वर्ष 2011 में मोहन बागान में पुन: वापसी की। वर्ष 2012 में, आप एक पुर्तगाली क्लब स्पोर्टिंग क्लब डे लिस्बन के लिए खेलने के लिए दूसरी बार विदेश चले गए। वर्ष 2013 में अपने वर्तमान क्लब – जेएसडब्ल्यू बैंगलूरू एफसी में शामिल होने से पहले वह कुछ समय के लिए चर्चिल ब्रदर्स एफसी के साथ भी रहे। आपने वर्ष 2015 के इण्डियन सुपर लीग सीज़न के दौरान मुंबई सिटी एफसी के आईएसएल साइड का प्रतिनिधित्व भी किया।

4. आप वर्ष 2008 में एएफसी चैलेंज कप तथा वर्ष 2011 में टूर्नामेंट के एस.ए.एफ.एफ. चैंपियनशिप लेयर तथा वर्ष 2012 में नेहरू कप के सबसे उत्कृष्ट खिलाड़ी थे। बेंगलुरू एफसी का प्रतिनिधित्व करते हुए, आपको वर्ष 2017-18 में टूर्नामेंट का आईएसएल खिलाड़ी चुना गया। वर्ष 2018 में, आपने हीरो इंटरकोंटीनेंटल कप में चार मैचों में एक हैट ट्रिक सहित आठ गोल दाग कर भारत को विजय दिलायी। आपको मैन ऑफ द टूर्नामेंट भी घोषित किया गया। इंडियन सुपर लीग में 54 मैचों में 29 गोल करके आप अभी तक के भारतीय खिलाड़ियों में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।

5. आपको वर्ष 2011 में अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया है। आपने एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार आश्चर्यजनक रूप से पांच बार जीता है। आपको एफपीएआई ने वर्ष 2009 तथा 2018 में इंडियन प्लेयर ऑफ द ईयर के रूप में चुना। आपको वर्ष 2018 में एशियन फेडेरेशन कांनफेडरेशन की ओर से एशियन आइकन घोषित किया गया है।